

श्री सूक्तम् साधना

विश्वारणे नमस्तुभ्यं नमो विश्व विभूतये
सर्वसामपि सिद्धिनां नमस्ते मूलहेतवे।।

आदिदेवात्मभूताये नारायणकुटुम्बिनि
समस्तजगदाराध्ये नमस्ते पद्मयोनये॥

ओ जगत जननी, जो इस सृष्टि का गौरव हैं, मैं आपकी आराधना करता हूँ। जो मंत्र जप से प्राप्त सभी (आध्यात्मिक) सिद्धियों की मूल कारण हैं, मैं आपको प्रणाम करता हूँ।

आप, जो आदि-देव के समान हैं और नारायण की जीवन सांगिनी हैं, मैं आपको नमन करता हूँ। ओ सम्पूर्ण ब्रह्मांड की इष्टदेवी, पद्मासना, मैं आपके सामने दंडवत प्रणाम करता हूँ।

(लक्ष्मी तन्त्र, अनुवादक—संजुक्ता गुप्ता, मोतीलाल बनरसीदास, 2002)

वर्ष 2008 में मैंने अपने सहयोगी के साथ भारत में व्यवसाय का आरम्भ किया। उसी वर्ष हमने एक फैक्ट्री खरीदी और नई मशीनों का ऑर्डर दिया, पर उनके आने में एक महीने का समय लगने वाला था। उस समय, एक महीने तक हमारी फैक्ट्री में एक कार्यवाहक के अतिरिक्त किसी की आवश्यकता नहीं थी। प्रबंधक (मैनेजमेंट) टीम, फैक्ट्री से 70 किलोमीटर दूर दूसरे शहर में स्थित मुख्यालय से कार्य करने वाली थी।

मैंने इस समय का उपयोग करके 16 रातों की श्री सूक्तम् साधना करने का निश्चय किया।

2010 में मैंने संन्यास ग्रहण किया।

किन्तु देखने वाली बात यह है कि हमारे द्वारा आरम्भ किया गया व्यवसाय अभी भी बहुत अच्छा चल रहा है और पिछले वर्ष कंपनी ने 100 करोड़ का कारोबार किया (हालाँकि संन्यास के बाद मैं किसी भी तरह उस कंपनी से नहीं जुड़ा हुआ हूँ)। निस्सन्देह, इस सफलता का कारण श्री सूक्तम् साधना ही नहीं बल्कि इसका श्रेय मेरे सहयोगी और कर्मचारियों के अथक परिश्रम, बुद्धिमत्ता और अथक कार्यान्वयन को भी जाता है। मेरा मानना है कि जब बीज दिव्य और उत्कृष्ट हो, तो पौधे के बड़े होकर वृक्ष बन जाने की संभावना बहुत अधिक होती है।

ऋग्वेद से उत्पन्न, श्री सूक्तम् साधना सबसे शक्तिशाली साधना है। यह 16 रातों का पुरश्चरण है और यदि इसे विधिवत किया जाए तो आपकी ऊर्जा ब्रह्मांडीय ऊर्जा के साथ लयित हो जाती है और आपकी भौतिक प्रगति में सहायक बन जाती है। मैं यहाँ आपके साथ पुरश्चरण की विधि साझा कर रहा हूँ, परन्तु किसी भी साधक को श्री सूक्तम् साधना करने का अधिकार पाने के लिए 960 दिनों तक निष्ठापूर्वक एक विशेष दिनचर्या का पालन करना होगा।

आपको यह सुनकर विश्वास नहीं हो रहा होगा, 960 दिन! "मेरे पास 960 दिनों तक किसी दिनचर्या को पालन करने का न तो समय है और न ही इतना अनुशासन," आप कह सकते हैं। यदि ऐसा है तो मेरी मानें तो आप इस साधना के बारे में आगे पढ़ने का कष्ट न करें और अपना समय व्यर्थ न करें। आप गणेश और गुरु साधना कीजिए। आप इस साधना का पुरश्चरण, बिना किसी दिनचर्या का पालन किए भी कर सकते हैं, किन्तु आपको इसका न के बराबर ही फल मिलेगा। प्रकृति एक ऐसे जहाज़ की तरह है जो अत्यन्त धीरे से मुड़ता है। एक रात की कोई साधना नहीं होती। यदि आप प्रकृति की शक्तियों को मंत्र योग द्वारा संरेखित करना चाहते हैं, जिससे आपका तारतम्य बना रहे, तो उसमें समय लगेगा।

श्री सूक्त पुरश्चरण को सफलतापूर्वक करने के लिए, 960 दिनों तक दिनचर्या का पालन करना अनिवार्य है। इस दिनचर्या के लिए प्रतिदिन सुबह 45 मिनट लगेंगे (स्नान इत्यादि में लगने वाले समय को छोड़कर)।

दैनिक विधि के लिए निर्देश इस प्रकार हैं :

1. 960 दिनों तक आपका नित्यकर्म।
2. प्रतिदिन सुबह स्नान करें।
3. पूजाघर में दीप प्रज्ज्वलित करके अपने माथे पर केसरिया तिलक लगाएँ। यह तिलक बहुत हल्का भी हो सकता है जिससे कि किसी को नहीं दिखे।

एक छोटी सी कटोरी में थोड़ा सा केसर लेकर उसमें कुछ पानी की बूँदें डाल दें। अपनी दाईं अनामिका से केसर के जल का अपने माथे पर तिलक लगाएँ। यही आपका केसर का तिलक है। हर दिन उस कटोरी में कुछ बूँद पानी डाल दीजिए और आवश्यकता पड़ने पर और थोड़ा केसर।

4. श्री सूक्तम् का सुबह स्नान करने के बाद 11 बार जप करें।
5. श्री और विष्णु पर पांच मिनट के लिए ध्यान करें और उन्हें भव्यता से अपने हृदय में बसा लें।
6. हर रात या शाम को श्री सूक्तम् का पांच बार पाठ करें (इस समय स्नान करना योग्य है पर अनिवार्य नहीं)। आप अपने मुंह, हाथ ओर पैर धो लें, कुल्ला करें और तिलक लगा लें। संध्याकाल में पूजाघर में दीप प्रज्ज्वलित करें।
7. सोने से पहले पांच मिनट के लिए ध्यान करें। (आप अपने बिस्तर पर बैठकर भी ध्यान कर सकते हैं।) एक बार और श्री (देवी) और विष्णु को अपने हृदय चक्र में बसाएँ।

इन 960 दिनों की अवधि में आपको पूरी तरह शाकाहारी रहना होगा। किसी भी प्रकार का मांस, समुद्री भोजन या अंडे खाना वर्जित है। आप दुग्ध पदार्थों का सेवन कर सकते हैं, प्याज और लहसुन भी खा सकते हैं। मूल शास्त्रों में दिए गए आदेशों के अनुसार साधक को केवल कपिला गाय के दूध और दुग्ध पदार्थों पर ही निर्वाह करना होता है। पर मैं आपको अपनी प्रक्रिया बात रहा हूँ जिसका मुझे लाभ मिला। परम्परा मंत्र विज्ञान का मूल सिद्धान्त है। यदि आप मेरे संप्रदाय का पालन करते हैं तो आपको केवल इस पुस्तक में दिए गए निर्देशों का पालन करना है। इन 960 दिनों की अवधि में ब्रह्मचर्य का पालन अनिवार्य नहीं है, किन्तु 16 दिनों के पुरश्चरण में आपको ब्रह्मचर्य का पालन करना होगा।

यदि आप अनजाने में कोई वर्जित वस्तु खा लेते हैं (जैसे केक या बिस्किट जिसमें अंडा हो या जेलटिन वाले पदार्थ), या ऊपर दिए गए छह नियमों में से किसी भी नियम को भंग करते हैं तो आपको प्रायश्चित करना होगा। इस साधना के लिए प्रायश्चित की प्रक्रिया मैंने इसी अध्याय में आगे दी है।

किन्तु यदि आप जानबूझकर किसी भी नियम का पालन नहीं करते तो आपकी साधना असन्तोषपूर्ण रह जाएगी। आपको गिनती रोककर दोबारा साधना आरम्भ करनी होगी।

यदि आप ऊपर दिए गए किसी भी नियम का किसी वास्तविक बीमारी या

अस्वस्थता के कारण पालन नहीं कर पा रहे हैं तो आप कुछ समय बाद क्षतिपूर्ति कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, यदि किसी चोट या बीमारी के कारण आप एक दिन स्नान नहीं कर पाए तो आपको अगले दिन दुगनी संख्या में मंत्रजप और दुगने समय तक ध्यान करना होगा। वैसे ही, यदि आप हवाई जहाज में लम्बी यात्रा कर रहे हैं, और इसलिए सुबह स्नान नहीं कर पाए, तो आपको इसकी क्षतिपूर्ति अगले दिन दुगनी साधना और ध्यान करके करना होगा।

इस नियम को निष्ठापूर्वक तीन वर्षों तक पालन करें और आप देवी माँ के परिवर्तनकारी पुरश्चरण के लिए तैयार हो जाएँगे।

साधना की अवधि

इस पुरश्चरण को पूरा करने में 16 रातें लगती हैं, पर जैसा मैंने पहले कहा, आदर्शत: साधक को 960 दिनों तक नित्य विशेष दिनचर्या का पालन करना होगा।

साधना कब आरम्भ की जाती है

श्री सूक्तम् का पुरश्चरण वर्ष में एक ही बार किया जा सकता है। इसका आरम्भ दीपावली की रात को होता है। जब आप पुरश्चरण को दीपावली की रात को आरम्भ करेंगे, इसका अन्त सोलह दिनों बाद होगा। पंचांग से दीपावली कि तिथि पता कर लीजिए। दीपावली भी हर वर्ष भिन्न तिथि पर आती है क्योंकि सनातन धर्म में पंचांग चन्द्र के अनुसार होता है।

यह साधना कौन कर सकता है

किसी भी आयु, धर्म, क्षमता या वर्ग के व्यक्ति इस साधना को बिना दीक्षा के कर सकते हैं। मासिक धर्म के समय भी स्त्रियां इस साधना को बिना रुकावट के जारी रख सकती हैं। आपको पुरश्चरण की अवधि में पूरी तरह ब्रह्मचर्य का पालन करना होगा। हालाँकि स्वप्न दोष या अनैच्छिक वीर्यपात से कोई दोष नहीं होगा।

भोजन

16 दिनों के पुरश्चरण की अवधि में आपके लिए शाकाहारी भोजन करना अनिवार्य है। दुग्ध पदार्थों का सेवन करने की अनुमति है किन्तु मांस, समुद्री जीव, और अंडे वर्जित हैं। आप प्याज और लहसुन भी नहीं खा सकते। बिस्कुट, केक, चीज़ इत्यादि खाने से पहले ध्यान रखें क्योंकि उनमें कई प्रकार के पशु-उत्पाद हो सकते हैं।

दीप

इस पुरश्चरण में किसी भी धातु से बने दीप का उपयोग किया जा सकता है। मिट्टी के दिये का भी प्रयोग किया जा सकता है। बाती सूत की होनी चाहिए। आप गुँथी हुई बाती (या मौली जैसी अन्य धागे की भी बाती) का प्रयोग कर सकते हैं। दीप के लिए शुद्ध घी या तिल के तेल का उपयोग करें। यदि आप साधना किसी ठंडे प्रदेश में कर रहे हैं (और क्योंकि दीपावली ठंड के मौसम में आती है, विश्व के कई भाग बहुत ही ठंडे हो सकते हैं), तो मैं आपको तिल के तेल का उपयोग करने की सलाह दूँगा क्योंकि ठंड में घी जम जाता है और आपका दीप बुझ सकता है।

दिशा

साधक को पूर्व, उत्तर या उत्तर पूर्व की ओर मुख करके जप या यज्ञ करना चाहिए।

वस्त्र

आप लाल रंग के ही वस्त्र पहन सकते हैं। आपके शरीर पर दो से अधिक लाल वस्त्र नहीं होने चाहिए। एक वस्त्र आपके शरीर के ऊपरी भाग को ढकने के लिए और दूसरा, शरीर के निचले भाग को ढकने के लिए। यदि आप बहुत ही ठंडे क्षेत्र में रहते हैं तो आप अपने कमरे में हीटर लगा सकते हैं या अपने उत्तरीय में ऊनी शॉल जोड़ सकते हैं। स्त्रियां साड़ी, ब्लाउस इत्यादि पहन सकती हैं। स्त्रियों को इस साधना को उन सोलह दिनों की अवधि में उनके मासिक धर्म के समय भी जारी रखने की अनुमति है। यह एक तान्त्रिक साधना है और साधक के लिंग, लैंगिकता और जीवतत्व के आधार पर किसी प्रकार के प्रतिबंध नहीं होते।

आसन

कम्बल सबसे उत्तम आसन होता है और आप उसपर लाल कपड़ा बिछा दें। आपके वस्त्र और आसन का रंग लाल ही होना चाहिए। यह साधना ऐसी है कि इसके करते समय आपको धरती पर बैठना होता है। यदि आप नीचे नहीं बैठ सकते तो कुर्सी पर बैठकर, एक टेबल पर दीप, पात्र इत्यादि रखकर भी साधना कर सकते हैं। मैंने स्वयं ऐसा नहीं किया है; पर आप अपना अनुभव हमारे साथ साझा अवश्य कीजिए। कम्बल के अतिरिक्त आप मेडिटेशन या ध्यान कुशन, या सूत से बने किसी भी आसन का प्रयोग कर सकते हैं। इस साधना के लिए कुश का आसन भी मान्य है।

अंग विन्यास

मंत्र का अत्यन्त सजगता, श्रद्धा और भक्ति के साथ जप करते समय अपने शरीर को स्थिर रखें। मैं आपको याद दिला दूँ कि मंत्र साधना केवल अंधाधुंध जप नहीं होती। यह एक भावपूर्ण प्रक्रिया है जिसमें आप अपने देवता के साथ एक हो जाते हैं, जिससे आपका आध्यात्मिक, भौतिक और भावनात्मक उत्थान हो।

साधना के लिए आवश्यक सामग्री

1. दीप (चाँदी, पीतल या किसी भी धातु से बना; मिट्टी का दीपक भी मान्य है)
2. दीप प्रज्ज्वलित करने के लिए घी
3. सोलह रात्रियों के लिए 16 बातियां
4. जल के लिए पांच पात्र, एक चम्मच और छोटी सी थाली। यह चाँदी, ताँबे या पीतल के हो सकते हैं। यह सभी साधनाओं के लिए अनिवार्य वस्तु हैं। पात्रों के यथाक्रम व्यवस्थापन की विस्तृत जानकारी मैंने *विस्तृत जानकारी* वाले भाग में दी है।
5. मिठाई, गुड़ या मधु (मधुपर्क बनाने के लिए)
6. 16 दिनों में हर दिन यज्ञ करने के लिए अलग सामग्री की आवश्यकता होती है। उनका उल्लेख हर दिन की जानकारी के साथ किया गया है। (जिसका विवरण यज्ञ नामक अध्याय में दिया गया है)
7. इन सामग्रियों के अतिरिक्त आपको लकड़ी की आवश्यकता होगी। आप पीपल, आम या पलाश की लकड़ी का प्रयोग कर सकते हैं। आप देवदारु, या शीशम की लकड़ी का भी उपयोग कर सकते हैं।
8. रुद्राक्ष या कमल गट्टे से बनी जपमाला।
9. बहुत सारी भक्ति, श्रद्धा और अनुशासन।

मेरा परामर्श है कि इस अध्याय को पढ़ने के बाद नीचे दिए गए 36 चरणों के अनुसार एक दैनिक सूची तैयार कर लें। इसके अतिरिक्त सभी आवश्यक सामग्रियों की सूची बनाकर पहले से सब कुछ लाकर रख दें जिससे आप साधना को किसी आवश्यक सामग्री की कमी के कारण पूरी करने से वंचित रह जाएँ।

मंत्र

इस साधना का मंत्र 16 रात्रियों के लिए भिन्न होता है। मैंने हर रात्रि के लिए मंत्र

इस अध्याय में आगे दिए हैं।

प्रारम्भ से पूर्व

यह साधना दीपावली की रात को आरम्भ की जाती है। साधना आरम्भ करने से एक रात पूर्व (अर्थात् दीपावली से पहले की रात) आपको वेदमाता गायत्री की अनुमति लेनी होगी। ऐसा करने के लिए सूर्यास्त के बाद स्नान करके अपने पूजा घर में बैठें। दाएँ हाथ में थोड़ा सा जल लेकर मानसिक रूप से देवी माँ का गायत्री के रूप में आह्वान करें। उनसे और प्रकृति की अन्य शक्तियों से अपनी साधना को पूरी करने की अनुमति मांगें। जल को अपने पास रखी छोटी सी थाली में छोड़ दें।

अब रुद्राक्ष या चन्दन की जप माला के साथ सवितुर गायत्री मंत्र की 30 आवृत्तियां जपें। यदि आपने पहले गायत्री मंत्र के जप के लिए किसी अन्य जपमाला का प्रयोग किया है तो आप उसी का उपयोग कर सकते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि आप इस जपमाला का प्रयोग गायत्री मंत्र जप के अतिरिक्त किसी मंत्र के लिए न करें, श्री सूक्तम् के लिए भी नहीं।

एक आवृत्ति 108 बार मंत्र जप की होती है। 30 आवृत्तीयां 108 x 30 = 3,240 बार के बराबर होती हैं। मैं किसी भी प्रधान पुरश्चरण से पहले 10,000 बार मंत्र जाप करता हूँ। किन्तु, 30 आवृत्तियां पर्याप्त होंगी। 30 आवृत्तियों की समाप्ति के बाद आप उसी स्थान पर सो जाएँ जहाँ पर आपने गायत्री मंत्र जाप किया था। आपके लिए गायत्री मंत्र दे रहा हूँ।

ॐ भूर्भुवः स्वः।
तत्सवितुर्वरेण्यम्।
भर्गो देवस्य धीमहि।
धियो यो नः प्रचोदयात॥

मूल स्तोत्र— श्री सूक्तम्

यह सम्पूर्ण साधना श्री सूक्तम् पर आधारित है जिसमें 16 श्लोक हैं। हर रात एक श्लोक का आह्वान होता है इसलिए यह साधना 16 रात्रियों की होती है। आप के लिए नीचे श्रीसूक्तम और उसका अर्थ दिया गया है।

1.	हिरण्यवर्णां हरिणीं सुवर्णरजतस्रजाम्। चन्द्रां हिरण्मयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आवह।।

2.	तां म आवह जातवेदो लक्ष्मीमनपगामिनीम्। यस्यां हिरण्यं विन्देयं गामश्वं पुरुषानहम्॥
3.	अश्वपूर्वां रथमध्यां हस्तिनादप्रबोधिनीम्। श्रियं देवीमुपह्वये श्रीर्मा देवी जुषताम्॥
4.	कां सोस्मितां हिरण्यप्राकारामार्द्रां ज्वलन्तीं तृप्तां तर्पयन्तीम्। पद्मे स्थितां पद्मवर्णां तामिहोपह्वये श्रियम्॥
5.	चन्द्रां प्रभासां यशसा ज्वलन्तीं श्रियं लोके देवजुष्टामुदाराम्। तां पद्मिनीमीं शरणमहं प्रपद्येऽलक्ष्मीर्मे नश्यतां त्वां वृणे॥
6.	आदित्यवर्णे तपसोऽधिजातो वनस्पतिस्तव वृक्षोऽथ बिल्वः। तस्य फलानि तपसानुदन्तु मायान्तरायाश्च बाह्या अलक्ष्मीः॥
7.	उपैतु मां देवसखः कीर्तिश्च मणिना सह। प्रादुर्भूतोऽस्मि राष्ट्रेऽस्मिन् कीर्तिमृद्धिं ददातु मे॥
8.	क्षुत्पिपासामलां ज्येष्ठामलक्ष्मीं नाशयाम्यहम्। अभूतिमसमृद्धिं च सर्वां निर्णुद मे गृहात्॥
9.	गन्धद्वारां दुराधर्षां नित्यपुष्टां करीषिणीम्। ईश्वरीं सर्वभूतानां तामिहोपह्वये श्रियम्॥
10.	मनसः काममाकूतिं वाचः सत्यमशीमहि। पशूनां रूपमन्नस्य मयि श्रीः श्रयतां यशः॥
11.	कर्दमेन प्रजाभूता मयि संभव कर्दम। श्रियं वासय मे कुले मातरं पद्ममालिनीम्॥
12.	आपः सृजन्तु स्निग्धानि चिक्लीत वस मे गृहे। नि च देवीं मातरं श्रियं वासय मे कुले॥

13.	आर्द्रां पुष्करिणीं पुष्टिं पिङ्गलां पद्ममालिनीम्। चन्द्रां हिरण्मयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आवह॥
14.	आर्द्रां यः करिणीं यष्टिं सुवर्णां हेममालिनीम्। सूर्यां हिरण्मयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आवह॥
15.	तां म आवह जातवेदो लक्ष्मीमनपगामिनीम्। यस्यां हिरण्यं प्रभूतं गावो दास्योऽश्वान् विन्देयं पूरुषानहम्॥
16.	यः शुचिः प्रयतो भूत्वा जुहुयादाज्यमन्वहम्। सूक्तं पञ्चदशर्चं च श्रीकामः सततं जपेत्॥

	अर्थ
1.	हे अग्निदेव! सुवर्ण जैसी तेजस्वी, सुंदर पीले वर्ण की, सोने और चाँदी के हार पहनने वाली, चन्द्रमा के समान प्रसन्नकान्ति, और धन एवं समृद्धि की मूर्तरूप लक्ष्मीदेवी को मेरे लिये आवाहन करिए।
2.	हे अग्निदेव! उन लक्ष्मीदेवी का मेरे लिए आह्वान करें जो मेरे साथ रहकर मुझे स्वर्ण, गौ, अश्व तथा सेवक आदि प्राप्त करने का आशीर्वाद दें।
3.	मैं उन श्री का आह्वान करता हूँ जो समृद्धि की देवी हैं और जिनके आगे घोड़े तथा उनके बीच में रथ रहते हैं और जिनके आगमन की घोषणा हस्तिनाद से होती हैं। वही श्रीदेवी मुझे आशीष दें।
4.	मैं उन लक्ष्मी देवी का यहाँ आवाहन करता हूँ जो स्वर्ण के समान तेजोमयी स्मितमुखी, दयार्द्र, समृद्धि की देवी हैं, परमानंद की मूर्तरूप, अपने भक्तों पर अनुग्रह करनेवाली, कमल के आसन पर विराजमान हैं।
5.	मैं चन्द्रमा के समान शुभ्र कान्तिवाली, सुन्दर द्युतिशालिनी, यश से दीप्तिमान, देवगणों के द्वारा पूजिता, उदारशीला, पद्महस्ता लक्ष्मीदेवी की शरण ग्रहण करता हूँ। मेरा दुर्भाग्य दूर हो जाए। मैं आपका आह्वान करता हूँ।

	अर्थ
6.	हे सूर्य के समान प्रकाश-स्वरूपे! आपके ही तप के फलस्वरूप वृक्षों में श्रेष्ठ मंगलमय बिल्व वृक्ष उत्पन्न हुआ। ऐसे तप के फल मेरे अपवित्र विचारों और अज्ञानतापूर्ण कृत्यों से उत्पन्न अमंगल को दूर करें।
7.	देवी माँ! मैं एक धन्य राष्ट्र में रहता हूँ। कुबेर और कीर्ति मुझे प्राप्त हों। देवगण मुझे धन और यश प्रदान करें।
8.	देवी माँ, आपकी कृपा और मेरे प्रयासों से मैं दारिद्र्य (अलक्ष्मी), पिपासा और भूख को दूर करना चाहता हूँ। ओ लक्ष्मी देवी! मेरे घर से सब प्रकार के दारिद्र्य और अमंगल को दूर करो।
9.	उन लक्ष्मी देवी का मैं यहाँ अपने घर में आवाहन करता हूँ जो सभी जीवों की नियंता हैं, जिन्हें उनकी सुगंध से अनुभव किया जा सकता है; वह जो पराजय और भय से परे हैं और सब भूतों की स्वामिनी हैं।
10.	ओ देवी माँ! मन की कामनाओं और संकल्प की सिद्धि एवं वाणी की सत्यता मुझे प्राप्त हो। हमें अपार धन धान्य की प्राप्ति हो। आपके भक्त में समृद्धि और प्रसिद्धि का वास हो।
11.	हे कर्दम ऋषि, आपसे से जो उत्पन्न हुई हैं, उन्हें मेरे साथ रहने दें। कर्दम ऋषि! धन-धान्य की देवी, सृष्टि की जननी, जो कमलों की माला धारण करती हैं, हमारे परिवार में आपका निवास हो।
12.	जल स्निग्ध पदार्थों (मक्खन जैसे) का सृजन करे। ओ चिक्लीत! आप भी मेरे घर में वास करें और माता लक्ष्मी देवी का मेरे परिवार में निवास कराए।
13.	ओ जातवेद! आर्द्रस्वभावा, पीतवर्णा, पद्मों की माला धारण करने वाली, चन्द्रमा के समान शुभ्र कान्ति से युक्त, स्वर्णमयी लक्ष्मीदेवी का मेरे यहां आवाहन करें।
14.	ओ जातवेद! जो कोमल स्वभाव की हैं, मंगलदायिनी, सरोवर में रहने वाली, सुवर्णमालाधारिणी, सूर्यस्वरूपा तथा हिरण्यमयी हैं, सूर्य के समान दैदीप्यमान उन लक्ष्मीदेवी का मेरे लिये आवाहन करें।

	अर्थ
15.	ओ जातवेद! उन लक्ष्मी को मेरे पास लाएँ जो मेरा कभी परित्याग नहीं करेंगी, और जिन लक्ष्मी देवी की कृपा से मुझे बहुत-सा धन, गौ, दासियाँ, अश्व और दास आदि प्राप्त हों।
16.	जिसे लक्ष्मी और समृद्धि की कामना हो, वह प्रतिदिन पवित्र और संयमशील होकर अग्नि में घी की आहुतियाँ दे तथा श्री सूक्त का निरन्तर पाठ करें।

पुरश्चरण की विधि

जैसा मैंने पहले भी उल्लेख किया है, यदि आपने नित्य कर्म का लगभग तीन वर्ष तक नियमित रूप से पालन किया है, आप निश्चित पुरश्चरण के लिए तैयार हैं। किन्तु, यदि आपने लगभग तीन वर्षों तक, या कभी भी नित्यकर्म का पालन नहीं किया है, तो भी आप एक झलक पाने के लिए इस साधना को कर सकते हैं। पर मुझे शंका है कि पहले 960 दिनों तक नित्यकर्म का पालन न करके आपको किस प्रकार के परिणाम मिलेंगे।

16 रात्रियों तक हर रात्रि आप एक भिन्न मंत्र का आह्वान करेंगे। किन्तु, हर रात्रि किए जाने वाले पहले कुछ चरण समान होंगे। 16वां चरण (संकल्प) केवल पहली रात्रि को ही किया जाएगा। अन्य सभी रात्रियों को आपको इस चरण को नहीं करना है। सारे चरण इस प्रकार हैं। ध्यान रहे कि हर चरण का विस्तृत विवरण और उन्हें करने के निर्देश *पुरश्चरण* नामक अध्याय में दिए गए हैं। जहाँ भी यह साधना सामान्य निर्देशों से भिन्न हैं, मैंने उनकी जानकारी उस चरण में ही दी हैं।

याद रहे कि इस साधना को आरम्भ करने के पूर्व आपको एक रात पहले वेदमाता गायत्री की अनुमति लेनी होगी। इसी अध्याय के *प्रारम्भ से पूर्व* भाग में मैंने इस प्रक्रिया का वर्णन किया है।

श्री सूक्तम् साधना के 36 चरण इस प्रकार हैं :

1 स्नान

यह साधना सूर्यास्त के बाद प्रारम्भ होती है। यदि आपने सुबह स्नान कर भी लिया है—जो हर साधक को करना चाहिए—आप साधना से पहले रात को स्नान अवश्य करें।

2. स्वच्छ वस्त्र धारण करें।

3. मंदिर या पूजा की वेदी को स्वच्छ करें (गर्भगृह या पूजा घर में प्रवेश करें) पूजा घर की वेदी में पात्रों को विधि अनुसार यथाक्रम व्यवस्थापन (पात्रासादन) करें। उपयोग से पहले रोज़ सभी पात्रों और दीप को स्वच्छ करें।
4. आसपास के स्थान को पवित्र करें।
5. अपना पवित्रीकरण (आचमन) करें। हाथ साफ करें (हस्त प्रक्षालन)।
6. दीप प्रज्ज्वलित करें। (इसी समय आप अगरबत्ती या धूप भी जला सकते हैं)
7. गणेश का आह्वान करें।
8. गणेश की तीन मुद्राएँ दर्शाएँ।
9. वैदिक मंत्र-स्वस्तिवचन का उच्चारण करें।
10. गुरु ध्यान करें।
11. गुरु मंत्र जप करें।
12. सभी सिद्धों का अभिवादन करें।
13. इष्ट ध्यान करें। यदि आप किसी विशेष देवता की पूजा करते हैं, तो उनकी प्रार्थना करें। नहीं तो देवी माँ का नीचे दिए गए मंत्रों के उच्चारण के साथ ध्यान करें।

सिन्दूरारुण विग्रहां त्रिनयनां माणिक्यमौलि स्फुरत्
तारा नायक शेखरां स्मितमुखी मापीन वक्षोरुहाम्।
पाणिभ्यामलिपूर्ण रत्न चष्हकं रक्तोत्पलं बिभ्रतीं
सौम्यां रत्न घटस्थ रक्तचरणां ध्यायेत् परांम्बिकाम्॥

देवी माँ का ध्यान करें जिसका शरीर सिन्दूर की लाल रंग का है; जिनके तीन नेत्र हैं, जो माणिक्य और अर्धचन्द्र से सुशोभित मुकुट धारण किए हुए हैं; जिनके चेहरे पर करुणामयी सुन्दर मुस्कान है; जिनके अंग सुन्दर हैं, जिनके हाथों में रत्न जड़ित सोने का पात्र जिसमें मधु और जल का अमृत समान मिश्रण है और दूसरे में लाल कमल का पुष्प।

14. **इष्ट मंत्र जप**
इष्ट मंत्र जप करें। यदि आपको किसी मंत्र की दीक्षा दी गई है तो उसका 11, 21, या 31 बार जप करें। यदि आपको गुरु से ऐसी कोई दीक्षा नहीं

मिली है तो इस साधना के मंत्र का जाप करें (हर रात्रि के लिए भिन्न मंत्र हैं, इसलिए हर रात्रि के लिए दिए गए विशेष मंत्र का जाप करें।

15. पृथ्वी पूजा करें।
16. संकल्प लें
    यह साधना की पहली रात को किया जाता है। आपको संस्कृत के नियमित संकल्प मंत्र का उच्चारण करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि इसके लिए आपको पंडित को बुलाकर उनसे सही तिथि, ग्रहदशा और संकल्प के लिए आवश्यक ज्योतिष सम्बन्धी जानकारी लेनी पड़ेगी। अथवा आपको इनका स्वयं ज्ञान होना चाहिए। इस प्रक्रिया में त्रुटियों की संभावना अधिक होगी। इसलिए, सरल यही होगा कि आप अपने संकल्प का ज़ोर से उच्चारण करके ब्रह्मांड से संधि कर लें। आप ऐसा किसी भी भाषा में कर सकते हैं। संकल्प के सूत्र पुरश्चरण के अध्याय में 16वें चरण में दिए गए हैं।
17. मंत्र श्वास
18. विनियोग:
    यह प्रक्रिया 16 रात्रियों के अवधि में हर रात्रि के लिए भिन्न है। उनकी जानकारी प्रत्येक रात्रि के लिए दिए भाग में हैं।
19. कर शुद्धि
    इन मंत्रों का जप करते हुए कर शुद्धि के लिए नीचे दी गई मुद्राओं को दर्शाएँ।

संस्कृत (देवनागरी)	मुद्रा	दोनों हाथों से
ऐं अंगुष्ठाभ्यां नमः।		अंगूठे के पोर को तर्जनी के आधार पर स्पर्श करें।
ह्रीं तर्जनीभ्यां नमः।		अंगूठे के पोर को तर्जनी के पोर से स्पर्श करें।

संस्कृत (देवनागरी)	मुद्रा	दोनों हाथों से
श्रीं मध्यमाभ्यां नमः।		अंगूठे के पोर को मध्यमा के पोर से स्पर्श करें।
ऐं अनामिकाभ्यां नमः।		अंगूठे के पोर को अनामिका के पोर से स्पर्श करें।
ह्रीं कनिष्ठिकाभ्यां नमः।		अंगूठे के पोर से कनिष्ठिका के पोर से स्पर्श करें।
श्रीं करतलकर-पृष्ठाभ्यां नमः।		बाएँ हाथ के पिछले भाग को दाएँ हाथ के पिछले भाग पर स्पर्श करें और धीमे से ताली मारें।

20. मंत्र न्यास:
    इस साधना में हर रात्रि, मंत्र न्यास भिन्न होती है। मैंने हर रात्रि के लिए दिए गए भाग में उपयुक्त मंत्र न्यास की जानकारी दी है।
21. पूर्व मंत्र जप
    न्यास पूर्ण करने के बाद उस रात्रि के लिए दिए गए विशेष मंत्र का 16 बार जप करें।
22. पूर्व मुद्रा

इन चार मुद्राओं को दर्शाएँ:

मुद्रा	मुद्रा	दोनों हाथों से दर्शाएँ
धेनु		दाईं तर्जनी से बाईं मध्यमा के पोर को स्पर्श करें, और बाईं तर्जनी का दाईं मध्यमा के पोर से स्पर्श होना चाहिए। दाईं अनामिका से बाईं कनिष्ठिका के पोर को स्पर्श करें और साथ-साथ बाईं अनामिका का दाईं अनामिका के पोर पर स्पर्श होना चाहिए। दोनों अंगूठों के पोर को जोड़ दें और हाथों को नीचे की ओर मोड़ दें।
कलश		दाएँ हाथ की मुट्ठी बनाएँ और उसे बाए हाथ से पकड़ लें। कलश मुद्रा को करने का एक अन्य तरीका: दोनों हाथों की मुट्ठी बनाकर, उन्हें आपस में स्पर्श करें।
मत्स्य		सभी उंगलियों को जोड़कर अंगूठे को बाहर की ओर फैला लें। अब दाएँ हाथ को बाएँ हाथ पर रखें।
पाश		तर्जनी की उँगलियों को एक दूसरे में अटकाते हुए, दाएँ हाथ को नीचे की ओर लटकने दें।

23. षोडशोपचार

हर रात्रि नीचे दी गई 16 भेंट या उपचार चढ़ाएँ:

i) **पहले श्लोक का आह्वान करें**

दोनों हथेलियों को हृदय के पास नमस्कार मुद्रा में जोड़ लें। देवी की कृपा का आह्वान करने के लिए इस श्लोक का उच्चारण करें।

हिरण्यवर्णां हरिणीं सुवर्णरजतस्रजाम्।
चन्द्रां हिरण्मयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आवह।।

ii) **दूसरे श्लोक क साथ स्वागत करें**

देवी के आगमन के विश्वास के साथ उनके स्वागत के लिए दूसरे श्लोक का उच्चारण करें।

तां म आवह जातवेदो लक्ष्मीमनपगामिनीम्।
यस्यां हिरण्यं विन्देयं गामश्वं पुरुषानहम्॥

iii) **तीसरे श्लोक के साथ आसन समर्पित करें**

श्री सूक्तम के तीसरे श्लोक के साथ उन्हें आसन समर्पित करें।

अश्वपूर्वां रथमध्यां हस्तिनादप्रबोधिनीम्।
श्रियं देवीमुपह्वये श्रीर्मा देवी जुषताम्॥

iv) **अर्घ्य और पाद्य समर्पित करें**

चौथे श्लोक के साथ उन्हें जल समर्पित करके उनके चरण धोएँ। अर्घ्य पात्र से जल लेकर अपने बगल में रखी छोटी सी थाली में डाल दें। अब पाद्य वाले पात्र से जल लेकर छोटी थाली में डालें। इस श्लोक का एक ही बार उच्चारण किया जाना चाहिए।

कां सोस्मितां हिरण्यप्राकारामार्द्रां ज्वलन्तीं तृप्तां तर्पयन्तीम्।
पद्मे स्थितां पद्मवर्णां तामिहोपह्वये श्रियम्॥

v) **पांचवे श्लोक के साथ आचमन करें**

यह साधक द्वारा किया गया आचमन नहीं है, पर देवी को समर्पित आचमन है। इसे करने के लिए आचमन पात्र से जल लेकर अपने पास रखी छोटी सी थाली में डाल दें।

चंद्रां प्रभासां यशसा ज्वलन्तीं श्रियं लोके देवजुष्टामुदाराम्।
तां पद्मिनीमीं शरणमहं प्रपद्येऽलक्ष्मीर्मे नश्यतां त्वां वृणे॥

vi) **छठे श्लोक के साथ अर्घ्य प्रदान करें**

इस श्लोक का उच्चारण करते हुए अर्घ्य पात्र से एक चम्मच जल लेकर अपने पास रखी छोटी सी थाली में डाल दें।

आदित्यवर्णे तपसोऽधिजातो वनस्पतिस्तव वृक्षोऽथ बिल्वः।
तस्य फलानि तपसानुदन्तु मायान्तरायाश्च बाह्या अलक्ष्मीः॥

vii) **मानसिक रूप से देवी का स्नान करवाएँ**

पाद्य वाले पात्र से एक चम्मच जल लेकर अपने पास रखी छोटी सी थाली में डाल दें। नीचे दिए गए श्लोक का उच्चारण करें।

उपैतु मां देवसखः कीर्तिश्च मणिना सह।
प्रादुर्भूतोऽस्मि राष्ट्रेऽस्मिन् कीर्तिमृद्धिं ददातु मे॥

viii) **आठवें श्लोक के साथ वस्त्र समर्पित करें**

दो फूल या दो स्वच्छ वस्त्र लेकर देवी के चरणों के पास रख दें। यदि आप किसी भी मूर्ति या यन्त्र का प्रयोग नहीं कर रहे हैं तो इसे दीप के पास रख सकते हैं। (ध्यान रहे कि वस्त्र दीप से थोड़ी दूरी पर हों जिससे आग लगने का खतरा न हो।)

क्षुत्पिपासामलां ज्येष्ठामलक्ष्मीं नाशयाम्यहम्।
अभूतिमसमृद्धिं च सर्वां निर्णुद मे गृहात्॥

ix) **श्री सूक्तम के 9वें श्लोक के साथ आभूषण समर्पित करें**

आभूषण के रूप में एक पुष्प लेकर देवी, यन्त्र या दीपक को समर्पित करें। नीचे दिए गए श्लोक का उच्चारण करें।

गन्धद्वारां दुराधर्षां नित्यपुष्टां करीषिणीम्।
ईश्वरीं सर्वभूतानां तामिहोपह्वये श्रियम्॥

यदि आपकी आर्थिक परिस्थिति सुदृढ़ है तो आप पूरे वस्त्र, सोने या चाँदी के आभूषण इत्यादि भी देवी को समर्पित कर सकते हैं। 16 दिनों की समाप्ति पर आप इनको किसी ऐसे व्यक्ति को दान कर सकते हैं जो देवी के उपासक हैं या सात्विक जीवन व्यतीत करते हैं। दान के प्राप्तकर्ता स्त्री या पुरुष हो सकते हैं।

x) **10वें श्लोक के साथ परिमल या सुगंध अर्पित करें**

नीचे दिए गए श्लोक का उच्चारण करते हुए सुगंधित जल के पात्र से एक चम्मच जल लीजिए और अपने पास रखी छोटी थाली में डाल दीजिए।

मनसः काममाकूतिं वाचः सत्यमशीमहि।
पशूनां रूपमन्नस्य मयि श्रीः श्रयतां यशः॥

xi) **11वें श्लोक के साथ पुष्प समर्पित करें**

एक या अधिक पुष्प लेकर नीचे दिए श्लोक का उच्चारण करते हुए पुष्पों को दीप के पास रखें।

कर्दमेन प्रजाभूता मयि संभव कर्दम।
श्रियं वासय मे कुले मातरं पद्ममालिनीम्॥

xii) **12वें श्लोक के साथ धूप या अगरबत्ती दर्शाएँ**

यदि आपने धूप या अगरबत्ती जलाई है तो उसे दक्षिणावर्त या घड़ी की सूई की दिशा में दीप, मूर्ति या यंत्र के सामने घुमाएँ।। यदि आपने धूप या अगरबत्ती नहीं जलाई है तो आंखें बन्द करके मानसिक रूप से अर्पित करें। नीचे दिए गए श्लोक का उच्चारण करें।

आपः सृजन्तु स्निग्धानि चिक्लीत वस मे गृहे।
नि च देवी मातरं श्रियं वासय मे कुले॥

xiii) **13वें श्लोक के साथ दीप दर्शाएँ**

यदि आपने मूर्ति, चित्र या यन्त्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित किया है, तो उसे उठाकर एक बार दक्षिणावर्त या घड़ी की सूई की दिशा में, इस मंत्र का उच्चारण करते हुए घुमाएँ। यदि आप दीप की ही पूजा कर रहे हैं तो उसके आधार को स्पर्श करते हुए मंत्र का उच्चारण करें।

आर्द्रां पुष्करिणीं पुष्टिं पिङ्गलां पद्ममालिनीम्।
चन्द्रां हिरण्मयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आवह॥

xiv) **14वें श्लोक के साथ मधुपर्क चढ़ाएँ**

सामान्यत: मधुपर्क घी और मधु के मिश्रण से बनता है। सरलता के लिए आप केवल मधु, गुड़ या किसी भी मिठाई का देवी को भोग लगा सकते हैं। नीचे दिए श्लोक का उच्चारण करें। पूजा की समाप्ति पर आप इस भोग को किसी को भी बांट सकते हैं। यदि आपके साथ कोई नहीं है तो आप उसे स्वयं ग्रहण कर सकते हैं।

आर्द्रां यः करिणीं यष्टिं सुवर्णां हेममालिनीम्।
सूर्यां हिरण्मयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आवह॥

xv) **15वें श्लोक के साथ प्रपन्न आरती के साथ स्तुति करें**

दोनों हाथों को नमस्ते मुद्रा में हृदय के पास रखे और इस श्लोक का उच्चारण करें।

तां म आवह जातवेदो लक्ष्मीमनपगामिनीम्।

यस्यां हिरण्यं प्रभूतं गावो दास्योऽश्वान् विन्देयं पूरुषानहम्॥

xvi) **श्री गायत्री का अभिवादन**

16वें समर्पण के लिए 16वें श्लोक का उच्चारण नहीं किया जाता। उसके स्थान पर लक्ष्मी गायत्री मंत्र का उच्चारण किया जाता है। वह इसलिए कि 16 वां श्लोक इस स्तोत्र की फलश्रुति का रूप होती है जो इसके उच्चारण के लाभ का वर्णन करती है।

ॐ महादेव्यै च विद्महे विष्णु पत्नी च धीमहि
तन्नो लक्ष्मी: प्रचोदयात्।

षोडशोपचार सम्पूर्ण करने के बाद आप पुरश्चरण के 24वें चरण के लिए तैयार हैं।

24. मंत्र संस्कार

इस साधना में मंत्र संस्कार की आवश्यकता नहीं है।

25. मंत्र ध्यान

हर रात्रि देवी माँ को यह प्रार्थना अर्पित करें। इसके साथ आपके 25 चरण पूरे हो जाएँगे। अब आप अगले चरण के अनुसार मंत्र जप के लिए तैयार हैं।

विश्वारणे नमस्तुभ्यं नमो विश्वविभूतये
सर्वसामपि सिद्धिनां नमस्ते मूलहेतवे।।

आदि देवात्मभूताये नारायणकुटुम्बिनि
समस्तजगदाराध्ये नमस्ते पद्मयोनये॥

ओ जगत जननी, जो इस सृष्टि का गौरव हैं, मैं आपकी आराधना करता हूँ। जो मंत्र जप से प्राप्त सभी (आध्यात्मिक) सिद्धियों की मूल कारण हैं, मैं आपको प्रणाम करता हूँ। आप, जो आदि-देव के समान हैं और नारायण की जीवनसांगिनी हैं, मैं आपको नमन करता हूँ। ओ सम्पूर्ण ब्रह्मांड की इष्टदेवी, पद्मजा, मैं आपके सामने दंडवत प्रणाम करता हूँ।

26. मूल मंत्र जप

आपको याद होगा कि श्रीसूक्तम में 16 श्लोक हैं और आप हर रात्रि एक

भिन्न श्लोक का उच्चारण करेंगे। हर रात्रि श्लोक से पहले और अन्त में कुछ बीज-अक्षरों को जोड़ दिया जाता है। हर रात्रि आपका मंत्र अलग होगा। मंत्र उच्चारण की संख्या भी हर रात्रि अलग होगी। पुरश्चरण की विधि के सभी चरणों के अन्त में मैंने हर दिन के लिए निर्देश और आवश्यकतायें दी हैं। इस समय, मैं आपके लिए अगले चरणों का क्रमश: उल्लेख करता हूँ।

27. उत्तर मुद्रा
जप पूरा करने के बाद पुरश्चरण नामक अध्याय में दिए 27वें चरण के अनुसार मुद्राएँ दर्शाएँ।

28. जप समर्पण
जप को अपने देवी को समर्पित करें। इसकी विधि आपको पुरश्चरण नामक अध्याय में दिए 28वें चरण में मिल जाएगी।

29. विसर्जन
इस चरण में आप उन सभी ऊर्जाओं को विदा कर रहे हैं, जिन्होंने उस रात्रि को आपकी साधना में भाग लिया। इसके लिए पुरश्चरण नामक अध्याय में दिए 29वें चरण में दी गई विधि का पालन करें।

30. क्षमा प्रार्थना
इस साधना की प्रक्रिया में आपसे जाने-अनजाने में अज्ञानतावश हुई त्रुटियों के लिए क्षमायाचना करने का अवसर है। क्षमा प्रार्थना मंत्र और उसकी विधि पुरश्चरण नामक अध्याय में दिए 30वें चरण में दी गई है।

31. यज्ञ
यज्ञ की विधि, इसी नाम के अध्याय में दी गई है। इस साधना के लिए आपको हर रात्रि अलग सामग्रियों की आवश्यकता होगी। मैंने उनका उल्लेख हर रात्रि के लिए दिए भाग में किया है।

32. तर्पण
पुरश्चरण नामक अध्याय में दिए 32वें चरण में दी गई विधि का पालन करें। तर्पण के मंत्र भी हर रात्रि के भिन्न हैं और उन्हें मैंने हर रात्रि के भाग में स्पष्ट किए हैं।

33. मार्जन या अभिषेक
पुरश्चरण नामक अध्याय में दिए 33वें चरण में दी गई प्रक्रिया के अनुसार करें। मैंने हर रात्रि के लिए मार्जन के मंत्र नीचे दिए गए नोट्स में साझा किए हैं।

34. साधक भोजन या ब्राह्मण भोज
    जब तक आप रात के जप, यज्ञ, इत्यादि सम्पूर्ण करेंगे, प्रातःकाल हो जाएगा। आप किसी देवी उपासक को कुछ धनराशि दान कर सकते हैं जिससे वह स्वयं भोजन खरीद सके। नहीं तो आप स्वयं भोजन पकाकर उसे सुबह के नाश्ते के रूप में परोस सकते हैं। आप चाहें तो भोजन किसी और से बनवाकर स्वयं परोस सकते हैं। ये आप अपनी इच्छा और सुविधा अनुसार करें। महत्त्वपूर्ण बात यह है कि इसे दया-भाव के साथ किया जाए।
35. पुनः क्षमा प्रार्थना
    30वें चरण से लेकर 34वें चरण में हुई त्रुटियों और कमियों के लिए पुरश्चरण नामक अध्याय के 30वें चरण में दिए गए क्षमा प्रार्थना मंत्र का उच्चारण करें।
36. सूर्य अर्घ्य
    पुरश्चरण नामक अध्याय के 36वें चरण में दिए गए निर्देश के अनुसार सूर्य अर्घ्य करें।

पुरश्चरण की विधि

इस भाग में 16 रात्रियों की श्रीसूक्तम साधना के हर रात्रि के लिए निर्देश और विधि दी गई है। हर रात्रि के लिए आपके मंत्र, यज्ञ, तर्पण, अभिषेक इत्यादि भिन्न होंगे और मैंने इनको विधिवत लिखे हैं। हर रात्रि के प्रारम्भ में आपको एक तालिका मिलेगी जिसमें सभी मंत्र और उनके जप की संख्या, और यज्ञ के लिए आवश्यक सामग्रियों का उल्लेख होगा।

रात्रि 1

पहले दिन अन्य दिनों की तुलना में अधिक समय लगता है क्योंकि आपके लिए सभी चरण नए हैं।

जप	
मंत्र	ॐ आं ह्रीं श्रीं क्लीं ब्लूं सौं रं वं श्रीं। ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं नमः। हिरण्यवर्णां हरिणीं सुवर्णरजतस्रजाम्। चन्द्रां हिरण्मयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आवह॥ नमो श्रीं ह्रीं श्रीं ॐ। आं ह्रीं श्रीं क्लीं ब्लूँ सौं रं वं श्रीं ॐ॥
संख्या	इस मंत्र का 1000 बार जप करें।

यज्ञ	
मंत्र	ऊपर दिए मंत्र का ही जप करें पर मंत्र के अन्त में ॐ स्वाहा जोड़ दें। अर्थात्, मंत्र का उच्चारण करें, ॐ स्वाहा बोलें और अग्नि में एक आहुति करें।
संख्या	108 बार
हवन के लिए आवश्यक सामग्री	घी 200 ग्राम किशमिश 50 ग्राम हवन सामग्री 1 पैकेट सफेद तिल 50 ग्राम लाल चन्दन 1 छोटा टुकड़ा
निर्देश	यज्ञ नामक अध्याय में दिए गए निर्देशों का पालन करें। 1. किशमिश, हवन सामग्री और तिल को मिला दीजिए। 2. पांच बड़े चम्मच पिघली हुई घी को इस मिश्रण में अच्छी तरह मिला दें। 3. 108 आहुतियां देने के बाद अन्तिम आहुति के साथ लाल चन्दन का टुकड़ा लें, उसे घी में डुबाएँ या उसपर थोड़ा सा घी डालकर अग्नि में आहुति करें। 4. यज्ञ के अन्त में 200 ग्राम में से बची हुई घी को अग्नि में अर्पित करें। 5. यदि आपको लगता है कि अग्नि बुझ रही है तो घी डालकर उसे जीवित रखें।

तर्पण	
मंत्र	ऊपर दिए गए मंत्र का जप करें और उसके अन्त में 'तर्पयामि' जोड़ दें।
निर्देश	मंत्र का उच्चारण करें, *पुरश्चरण* नाम के अध्याय के 32वें चरण में दिए निर्देश के अनुसार थोड़ा सा जल लें और उसे पात्र में वापस डालते समय तर्पयामि शब्द के उच्चारण के साथ उसी पात्र में डाल दें।
मार्जन या अभिषेक	
मंत्र	ऊपर दिए गए मंत्र का जप करके उसके अन्त में 'मार्जयामि' शब्द जोड़ दें।
निर्देश	मंत्र का उच्चारण करें, *पुरश्चरण* नाम के अध्याय के 33वें चरण में दिए निर्देश के अनुसार थोड़ा सा जल लें और उसे पात्र में वापस डालते समय मार्जयामि शब्द के उच्चारण के साथ उसी पात्र में डाल दें।

पुरश्चरण के सभी 36 चरणों का पालन करें। पर 16 वां चरण-संकल्प केवल प्रथम रात्रि को ही करना है। अन्य सभी चरण वैसे ही रहेंगे। न्यास, विनियोग और मंत्र हर रात्रि के लिए अलग होंगे। मंत्र पहली तालिका में दी गई है। विनियोग और न्यास नीचे दिए गए हैं।

विनियोग

ॐ अस्य श्री हिरण्यावर्णां इति
श्री सूक्त प्रथम मंत्रस्य चिक्लीत ऋषि, श्री महाविद्या

सर्वसिद्धि प्रदायै देवता, सर्वार्थ साधक शक्ति, श्री बीजं, भुवनेशी महाविद्या, ह्रीं उत्कीलन, सर्व मंगल कारिण्यै भगवती लक्ष्मी प्रसाद सिद्ध्यर्थ प्रथम मंत्र जपे विनियोगः।

विनियोग की विधि का पालन करते हुए अपनी दाईं हथेली में थोड़ा जल लें (*पुरश्चरण* नामक अध्याय के 18वें चरण में दिए गए निर्देश के अनुसार)।

नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋषयादि न्यास से आरम्भ करते हुए क्रम

से न्यास करें।

ऋषयादि न्यास

संस्कृत (देवनागरी)	दाएँ हाथ से स्पर्श करें...
श्री कर्दम चिक्लीत ऋषयै नमः सहस्रारे शिरसि।	शीर्ष
भगवती श्री सर्वसिद्धिप्रदायै नमः द्वादशारे हृदि।	हृदय
सर्वार्थ साधक शक्त्यै नमः दशारे नाभौ।	नाभि
श्रीं बीजाय नमः षडारे योनौ।	ऊसन्धि (ग्रॉइन)
भुवनेशी श्री विद्यायै नमः षोडशारे कण्ठे।	कंठ
रजोगुणाय नमः अन्तरारै मनसि।	हृदय
रसना ज्ञानेंद्रियाय नमः चेतसी।	मुंह (स्पर्श करते समय मुंह को थोड़ा खुला रखें)
वाक् कर्मेन्द्रियाय नमः कर्मेन्द्रिये।	होंठ
मध्यम स्वराय नमः कंठमूले।	गले के सबसे निचले भाग को
भुतत्वाये नमः चतुरारे गुदे।	पीठ के निचले भाग (मूलद्वार या गुदा)। वस्त्र पहने रहिए और पीठ के सबसे निचले भाग को प्रतीकात्मक रूप से स्पर्श करें।
विद्या कलायै नमः करतले।	बाईं हथेली
ह्रीं उत्किलनाय नमः पादयोः।	पांव

प्रवाहिनी मुद्रायै नमः सर्वांगे।	पूरे शरीर (अपने दाएँ हाथ को शरीर के ऊपरी भाग पर घुमाकर, दोनों हाथ से धीमे से ताली बजाएँ।)

अब कर न्यास करें। मुद्राएँ वही हैं जो इसी अध्याय के 19वें चरण (कर-शुद्धि) में दी गई हैं। आप उन्हें नीचे दी गई तालिका में देख सकते हैं।

कर न्यास

संस्कृत (देवनागरी)	दोनों हाथों से
ॐ हिरण्यवर्णां अंगुष्ठाभ्यां नमः।	अंगूठे के पोर को तर्जनी के आधार पर स्पर्श करें।
श्रीं हरिणीं तर्जनीभ्यां स्वाहा।	अंगूठे के पोर को तर्जनी के पोर से स्पर्श करें।
ह्रीं सुवर्णरजतस्रजाम् मध्यमाभ्यां वषट्।	अंगूठे के पोर को मध्यमा के पोर से स्पर्श करें।
श्रीं चंद्रां हिरण्मयीं लक्ष्मीं अनामिकाभ्यां हुं।	अंगूठे के पोर को अनामिका के पोर से स्पर्श करें
ऐं जातवेदो कनिष्ठिकाभ्यां वौषट्।	अंगूठे के पोर से कनिष्ठिका के पोर से स्पर्श करें।
सौं: ममावह करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्।	बाएँ हाथ के पिछले भाग को दाएँ हाथ के पिछले भाग पर स्पर्श करें और धीमे से ताली मारें।

अब अन्तिम न्यास—षडंग मंत्र न्यास करें। इसकी मुद्राएँ *न्यास* नामक अध्याय में दी गई मुद्राओं के समान ही हैं। मैं इन्हें नीचे दी गई तालिका में आपके लिए दोबारा दे रहा हूँ।

षडंग मंत्र न्यास

संस्कृत (देवनागरी)	अंग विन्यास	विवरण
ॐ हिरण्यवर्णा हृदयाय नमः।		अपने हृदय पर दायाँ हाथ रखें।
श्रीं हरिणीं शिरसे स्वाहा।		दाएँ हाथ से माथे को स्पर्श करें। तर्जनी को दूर रखें।
ह्रीं सुवर्णरजत-स्रजाम् शिखायै वषट्।		दाएँ हाथ की मुट्ठी बनाएँ और अंगूठे को बाहर रखें। अब अपने शीर्ष को अंगूठे की पोर से स्पर्श करें।
श्रीं चंद्रां हिरणमयीं लक्ष्मीं कवचाय हुं।		अपने हाथों को आड़े करके दाएँ हाथ को बाएँ कंधे पर, और बाएँ हाथ को दाएँ कंधे पर स्पर्श करें। देवी पूजा में बायाँ हाथ दाएँ हाथ के ऊपर होना चाहिए। और देवता पूजा में दायाँ हाथ ऊपर होना चाहिए। यह मात्र मार्गदर्शन है, नियम नहीं।

संस्कृत (देवनागरी)	अंग विन्यास	विवरण
ऐं जातवेदो नेत्रत्रयाय वौषट्।		दाईं हथेली को फैलाकर, एक साथ तर्जनी से दाईं आंख को छूएँ, मध्यमा से माथे को, और अनामिका से बाईं आंख को स्पर्श करें। नेत्रत्रयाय का अर्थ होता है, 'तीन नेत्र'।
सौः म आवह अस्त्राय फट्।		दाएँ हाथ को सर के ऊपर से घुमाकर और अपने सामने लाएँ और हल्के से ताली मारें।

रात्रि 2

जप	
मंत्र:	ॐ आं ह्रीं श्रीं क्लीं ब्लूं सौं रं वं श्रीं। ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं नमः। तां म आवह जातवेदो लक्ष्मीमनपगामिनीम्। यस्यां हिरण्यं विन्देयं गामश्वं पुरुषानहम्॥ नमो श्रीं ह्रीं श्रीं ॐ। आं ह्रीं श्रीं क्लीं ब्लू सौं रं वं श्रीं ॐ॥
संख्या	इस मंत्र का 1000 बार जप करें।

यज्ञ	
मंत्र	ऊपर दिए मंत्र का ही जप करें पर मंत्र के अन्त में ॐ स्वाहा जोड़ दें। अर्थात्, मंत्र का उच्चारण करें, ॐ स्वाहा बोलें और अग्नि में एक आहुति करें।
संख्या	108 बार
हवन के लिए आवश्यक सामग्री	घी 200 ग्राम सफेद चावल 50 ग्राम हवन सामग्री 1 पैकेट काला तिल 50 ग्राम गुड़ 50 ग्राम सफेद चन्दन 1 छोटा टुकड़ा
निर्देश	*यज्ञ* नामक अध्याय में दिए गए निर्देशों का पालन करें। 1. सफेद चावल, हवन सामग्री, गुड और काले तिल को मिला दीजिए। 2. पांच बड़े चम्मच पिघली हुई घी को इस मिश्रण में अच्छी तरह मिला दें। 3. 108 आहुतियां देने के बाद अन्तिम आहुति के साथ सफेद चन्दन का टुकड़ा लें, उसे घी में डुबाएँ या उसपर थोड़ा सा घी डालकर अग्नि में आहुति करें। 4. यज्ञ के अन्त में 200 ग्राम में से बची हुई घी को अग्नि में अर्पित करें। यदि आपको लगता है कि अग्नि बुझ रही है तो घी डालकर उसे जीवित रखें।

तर्पण	
मंत्र	ऊपर दिए गए मंत्र का जप करें और उसके अन्त में 'तर्पयामि' जोड़ दें।
निर्देश	मंत्र का उच्चारण करें, *पुरश्चरण* नाम के अध्याय के 32वें चरण में दिए निर्देश के अनुसार थोड़ा सा जल लें और उसे पात्र में वापस डालते समय तर्पयामि शब्द के उच्चारण के साथ उसी पात्र में डाल दें।
मार्जन या अभिषेक	
मंत्र	ऊपर दिए गए मंत्र का जप करके उसके अन्त में 'मार्जयामि' शब्द जोड़ दें।
निर्देश	मंत्र का उच्चारण करें, *पुरश्चरण* नाम के अध्याय के 33वें चरण में दिए निर्देश के अनुसार थोड़ा सा जल लें और उसे पात्र में वापस डालते समय मार्जयामि शब्द के उच्चारण के साथ उसी पात्र में डाल दें।

पुरश्चरण के सभी 36 चरणों का पालन करें। पर 16 वां चरण-संकल्प केवल प्रथम रात्रि को ही करना है। अन्य सभी चरण वैसे ही रहेंगे। न्यास, विनियोग और मंत्र हर रात्रि के लिए अलग होंगे। मंत्र पहली तालिका में दी गई है। विनियोग और न्यास नीचे दिए गए हैं।

विनियोग

ॐ अस्य श्री तां म आवह इति श्री सूक्त द्वित्य मंत्रस्य श्री कर्दम चिक्लीत ऋषि, भगवती सर्वकाम प्रदायै देवी, ज्योति शक्ति, श्रीं बीज, कमला महाविद्या, क्लीं उत्कीलन, सर्व मंगल कारिण्यै भगवती लक्ष्मी प्रसाद सिद्धयर्थ द्वितीय मंत्र जपे विनियोगः।

विनियोग की विधि का पालन करते हुए अपनी दाईं हथेली में थोड़ा जल लें (*पुरश्चरण* नामक अध्याय के 18वें चरण में दिए गए निर्देश के अनुसार)।

नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋषयादी न्यास से आरम्भ करते हुए क्रम से न्यास करें।

ऋषयादि न्यास

संस्कृत (देवनागरी)	दाएँ हाथ से स्पर्श करें...
श्री कर्दम चिक्लीत ऋषये नमः सहस्रारे शिरसि।	शीर्ष
भगवती सर्वकामप्रदायै देव्यै नमः द्वादशारे हृदि।	हृदय
ज्योतिशक्त्यै नमः दशारे नाभौ।	नाभि
श्रीं बीजाय नमः षडारे योनौ।	ऊसन्धि (ग्रॉइन)
भुवनेश्वरी महाविद्यायै नमः षोडशारे कण्ठे।	कंठ
रजोगुणाय नमः अन्तरारे मनसि।	हृदय
श्रोत्र ज्ञानेंद्रियाय नमः ज्ञानेंद्रिये।	कान
वाक् कर्मेन्द्रियाय नमः कर्मेन्द्रिये।	होंठ
उच्स्वराय नमः कंठमूले।	गले के सबसे निचले भाग को
भुतत्वाय नमः चतुरारे गुदे।	पीठ के निचले भाग (मूलद्वार या गुदा)। वस्त्र पहने रहिए और पीठ के सबसे निचले भाग को प्रतीकात्मक रूप से स्पर्श करें।
विद्या कलायै नमः करतले।	बाईं हथेली
क्लीं उत्किलनाय नमः पादयोः।	पांव
संकोचिनी मुद्रायै नमः सर्वांगे।	पूरे शरीर (अपने दाएँ हाथ को शरीर के ऊपरी भाग पर घुमाकर, दोनों हाथ से धीमे से ताली बजाएँ।

अब कर न्यास करें। मुद्राएँ वही हैं जो इसी अध्याय के 19वें चरण (कर-शुद्धि) में दी गई हैं। आप उन्हें नीचे दी गई तालिका में देख सकते हैं।

कर न्यास

संस्कृत (देवनागरी)	दोनों हाथों से
ॐ तां म आवह अंगुष्ठाभ्यां नमः।	अंगूठे के पोर को तर्जनी के आधार पर स्पर्श करें।
श्रीं जातवेदो तर्जनीभ्यां स्वाहा।	अंगूठे के पोर को तर्जनी के पोर से स्पर्श करें।
ह्रीं लक्ष्मीमनपगामिनीम् मध्यमाभ्यां वषट्।	अंगूठे के पोर को मध्यमा के पोर से स्पर्श करें।
श्रीं यस्यां हिरण्यं अनामिकाभ्यां हुं।	अंगूठे के पोर को अनामिका के पोर से स्पर्श करें।
ऐं विन्देयं कनिष्ठिकाभ्यां वौषट्।	अंगूठे के पोर से कनिष्ठिका के पोर से स्पर्श करें।
सौं: गामश्वं पुरुषानहम् करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्।	बाएँ हाथ के पिछले भाग को दाएँ हाथ के पिछले भाग पर स्पर्श करें और धीमे से ताली मारें।

अब अन्तिम न्यास -षडंग मंत्र न्यास करें। इसकी मुद्राएँ न्यास रात्रि 1 की मुद्राओं के समान ही हैं। मैं इन्हें नीचे दी गई तालिका में आपके लिए दोबारा दे रहा हूँ।

षडंग मंत्र न्यास

